**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश, भारत**

# कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र

**उद्देश्य :** भारत सरकार के आत्म निर्भर भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन सबको हुनर सबको काम को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश परिसर में "कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र" की स्थापना दिनांक 16 सितंबर 2019 को हुई थी।

माननीय कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस० मौर्य की मंशा केवल शिक्षा की उत्कृष्टता के लिए ही नही बल्कि सामाजिक हितों के लिए भी विश्वविद्यालय को समाज मे आगे लाकर कार्य करना चाहती है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उद्योगों के साथ समझौता ज्ञापन किया गया। हमारी सहयोगी संस्था PMG Commerce Edge Ltd. व्यावसायिक / रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार प्रदान करने में मदद कर रही है। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ० राज कुमार इस केंद्र के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत हैं| केंद्र का लक्ष्य बड़ी संख्या में युवाओं के कौशल का संवर्धन तथा उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना है, जो उन्हें बेहतर आय प्राप्त करने में मदद करेगा। ऐसे युवा जो स्कूल / कॉलेज छोड़ चुके हैं एवं बेरोजगार हैं, वे इस प्रशिक्षण केंद्र में दिए गए अल्पावधि प्रशिक्षण से लाभ प्राप्त कर सकते हैं जिससे वे अन्यत्र स्थानों पर रोजगार पा सकते हैं या अपना रोजगार शुरू कर सकते है| पहला समझौता ज्ञापन 3 अगस्त 2021 को पीएम जी कॉमर्स एज लिमिटेड, भदोही के द्वारा किया गया जिसके माध्यम से इस केंद्र पर वस्त्र मंत्रालय की समर्थ योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है | इस प्रशिक्षण में 240 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है |




**वस्त्र मंत्रालय की समर्थ योजना अंतर्गत "सिलाई मशीन ऑपरेटर" प्रशिक्षण शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय एवं पी एम जी कॉमर्स एज लिमिटेड के बीच 3 अगस्त 2021 को समझौता ज्ञापन के लिए आयोजित अभिप्रेरण कार्यक्रम के चित्र**




दूसरा समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर दिनांक 07/02/2023 को पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर, जौनपुर कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र व PMG कॉमर्स एज फाउंडेशन, भदोही के मध्य हुआ जिसके अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम के सर्टिफिकेट कोर्स चलाये जा रहे हैं |



इससे विश्वविद्यालय के आस-पास के ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही उनके कौशल का भी विकास होगा |

**वर्तमान में चलाए जा रहे कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के कार्यक्रम :**

वर्तमान सत्र में 30-30 प्रशिक्षुओं के चार बैच (कुल अवधि 300 घंटे) वस्त्र मंत्रालय (MoT) के अंतर्गत सिलाई मशीन ऑपरेटर प्रशिक्षण जनवरी 2023 में पूर्ण हो चुके हैं तथा आगामी मई 2023 तक अंतिम बैच पूर्ण हो जायेंगा | 27-27 प्रशिक्षुओं के दो बैच (कुल अवधि 400 घंटे) उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) के अंतर्गत डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर व दो बैच (कुल अवधि 400 घंटे) माइक्रोफाइनेंस एग्जीक्यूटिव के सर्टिफिकेट कार्यक्रम जनवरी 2023 से शुरू किए गए हैं |

| क्रमांक | ट्रेड | न्यूनतम योग्यता | उम्र | कुल शीटें | सुविधा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिलाई मशीन ऑपरेटर | 8 पास | 18- 35 वर्ष | 120 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 2 | डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर | 12 पास | 18- 35 वर्ष | 108 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 3 | माइक्रोफाइनेंस एग्जीक्यूटिव | 12 पास | 18- 35 वर्ष | 108 | प्रशिक्षण निःशुल्क |

**प्रशिक्षण का विवरण :**

आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, प्रयोगशाला में मशीनें इत्यादि सुविधायें उपलब्ध है। प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रिकॉर्डिंग, बायोमेट्रिक उपस्थिति द्वारा निगरानी की जाती है । उपस्थिति का सत्यापन हस्ताक्षर से कर लिया जाता है जिससे बारीकी से निगरानी की जाती है। प्रत्येक कक्षा में प्रशिक्षुओं की संख्या 30 है एवं न्यूनतम उपस्थिति का मानक 80% आवश्यक है। मूल्यांकन के लिए व्याख्यान और प्रयोगशाला सहित प्रतिदिन 4 घंटे तक कक्षायें चलाई जाती हैं।

**प्लेसमेंट एवं स्वरोजगार :**

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 80% रोजगार देने की सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षुओं की रोजगार में रुचि के अनुसार बैंक की शर्तों पर बैंक से ऋण उपलब्ध कराकर प्रयास किया जायेगा जिससे प्रशिक्षु स्वरोजगार की शुरुआत कर सके।

**विगत वर्ष में चलाये गये कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के कार्यक्रम:**

| क्रमांक | ट्रेड | न्यूनतम योग्यता | उम्र | कुल शीटें | सुविधा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DTP Print & Publishing | 10 पास | 18- 35 वर्ष | 60 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 2 | डोमेस्टिक इलेक्ट्रीशियन | 12 पास | 18- 35 वर्ष | 60 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 3 | सिलाई मशीन ऑपरेटर | 8 पास | 18- 35 वर्ष | 120 | प्रशिक्षण निःशुल्क |

**आगामी वर्ष 2023 -24 में प्रारंभ किये जाने वाले कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के कार्यक्रम :**

| क्रमांक | ट्रेड | न्यूनतम योग्यता | उम्र | कुल शीटें | सुविधा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिलाई मशीन ऑपरेटर | 8 पास | 18- 35 वर्ष | 240 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 2 | गोदाम पैकर (Warehouse packer) | 8 पास | 18- 35 वर्ष | 240 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 3 | भंडार निरीक्षक (Warehouse Supervisor) | 8 पास | 18- 35 वर्ष | 240 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 4 | इलेक्ट्रीशियन – घरेलू उपकरणों को ठीक करने वाला | 8 पास | 18- 35 वर्ष | 240 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 5 | डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर | 12 पास व अधिक | 18- 35 वर्ष | 216 | प्रशिक्षण निःशुल्क |
| 6 | माइक्रोफाइनेंस एग्जीक्यूटिव | 12 पास व अधिक | 18- 35 वर्ष | 216 | प्रशिक्षण निःशुल्क |

**कार्यरत स्टॉफ का विवरण :**

| क्रमांक | नाम | सम्पर्क सूत्र | पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ० राज कुमार | 9451160911 | नोडल अधिकारी |
| 2 | डॉ प्रमोद कुमार विश्वकर्मा | 9839874003 | कार्यालय सहायक |
| 3 | राजन कुमार गुप्ता | 6306257185 | प्रशिक्षण प्रबंधक |
| 3 | गिरजा देवी | 9336931047 | तकनीकी प्रशिक्षक |
| 4 | सूर्य कान्त अस्थाना | 9792656603 | तकनीकी प्रशिक्षक |
| 5 | प्रिया गौतम | 7269061017 | तकनीकी प्रशिक्षक |
| 6 | संतोष कुमार यादव | 8858684950 | व्यवस्था कर्मचारी |
| 7 | अभिषेक कुमार यादव | 8090666772 | संग्रहण समन्यवयक |

## छायाचित्र



**दिनांक: 16 सितम्बर 2019 को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण करते हुए डॉ० महेंद्र नाथ पाण्डेय,  मा० केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री**




**दिनाँक 16 सितंबर 2019 को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण करते हुए डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, मा० केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री**



तड़प रहे थे। उसी समय क्षेत्र भ्रमण से पता चला कि एंबुलेंस के सभी चालक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज मच गया।

## बदलती दुनिया में अपने आपको स्थापित करने के लिए कौशल जरूरी : गौरव सिंह

### रोजगार के अवसर के लिए विश्वविद्यालय ने रखी नींव : कुलपति

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में अभिप्रेरण कार्यक्रम आओ कौशल बढ़ाएं रोजगार दिलाएं का आयोजन मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया।

इस दौरान पीएमजी रुप और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। दोनों केंद्र मिलकर कौशल विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीएमजी ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉक्टर प्रतीक सिंह ने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में अपने को स्थापित करने के लिए कौशल की जरूरत है। यह केंद्र सरकार की योजना सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए हैं। सरकार की समर्थ योजना टेक्स्टाइल के क्षेत्र में कार्य कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्स डेवलपमेंट मिशन योजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से लोगों की जीवनशैली में बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि आज जो नींव रखी जा रही हैं, उसके आने वाले परिणाम इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय मंच भी देगा और सहभागिता भी निभायेगा। विशिष्ट अतिथि पीएमजी ग्रुप के कार्यकारी अधिकारी गौरव सिंह पीएमजी ग्रुप की रूपरेखा और कार्यशैली के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। वित्त अधिकारी संजय राय ने कहा कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की पहल में विश्वविद्यालय अहम भूमिका निभाएगी। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति रिपोर्ट नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने प्रस्तुत की।

संचालन नितेश कुमार जायसवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो. ए. के. श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ.संतोष कुमार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. के एस तोमर समेत सभी सहायक कुलसचिव और शिक्षक उपस्थित थे।

समझौता ज्ञापन सौंपते पीएमजी ग्रुप के लोग।

**दिनांक 20 सितम्बर 2022 को आयोजित "सिलाई मशीनऑपरेटर" प्रशिक्षण का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के अवसर पर**



**समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार संग्रह**



## कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण का उद्घाटन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को सिलाई मशीन ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई कौशल जरूर होता है। हुनरमंद लोगों को पहचान कर विश्वविद्यालय को आगे बढ़ना चाहिए।

कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने कहा कि कौशल विकास में विश्वविद्यालय हर संभव मदद करेगा। विशिष्ट अतिथि पीएमजी कॉमर्स एज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रतीक सिंह ने अपना उद्योग शुरू करने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया।

पूविवि के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मौजूद राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी व कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्या। संवाद

कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि कम अवधि के प्रशिक्षण से रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मौके पर प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह आदि रहे।



# हुनरमंद को विश्वविद्यालय आगे बढ़ाएं: सांसद सीमा द्विवेदी

## कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई मशीन आपरेटर प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

आइडियल इंडिया न्यूज
डा राजेश जैन

आइडियल इंडिया न्यूज़

जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई मशीन आपरेटर प्रशिक्षण का उद्घाटन मंगलवार को राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि कौशल हर व्यक्ति में होता है आज इसे पहचान कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना कौशल विकास का उद्देश्य है। विश्वविद्यालय ऐसे लोगों की पहचान कर उनके हुनर का सम्मान कर उन्हें आगे बढ़ाएं। [illegible] पोषण का माध्यम बने कौशल विकास। ये ब्लॉक स्तर पर शुरू करके कार्यक्रम को सफल बनाएं ताकि लोकल फार वोकल के बढ़ावा मिले। बतौर अध्यक्ष कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि कौशल विकास में विश्वविद्यालय हर संभव मदद [illegible] विश्वविद्यालय काम पर विश्वास रखता है हमारे में अगर चाह है तो हम हर काम को अंजाम दे सकते हैं"। विशिष्ट अतिथि पीएमजी कामर्स एज लिमिटेड भदोही के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रतीक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के कौशल विकास के माध्यम से [illegible] विकास किया जा रहा है। सबको आत्मनिर्भर बनाने और अपना उद्योग शुरू करने के लिए कई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि पीएमजी ग्रुप इसमें प्रशिक्षणार्थियों का सहयोग करेगी। कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि कौशल है तो कदर है। सबको हुनर सबको काम सरकार की योजना का लाभ उनको मिल सके। उन्होंने कहा कि शार्टकम ट्रेनिंग के माध्यम से रोजगार के अवसर का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास को इसीलिए महत्व दिया गया है। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. [illegible] की। साथ ही कौशल विकास की गतिविधियों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने स्वागत भाषण, संचालन डॉक्टर जाह्नवी श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ.लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, संतोष उपाध्याय, सहायक कुलसचिव श्रीमती बबिता सिंह, दीपक सिंह आदि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**वस्त्र मंत्रालय की समर्थ योजना के अंतर्गत "सिलाई मशीन ऑपरेटर" के चल रहे प्रशिक्षण**








**UPSDM के अंतर्गत “डोमेस्टिक डाटा इंट्री ऑपरेटर व माइक्रोफाइनेंस एग्जीक्यूटिव” के प्रशिक्षण में व्याख्यान**



# कौशल विकास व प्रशिक्षण केंद्र का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

अमर भारती ब्यूरो

जौनपुर। शिवम सिंह, मैनेजर, कौशल विकास मिशन जौनपुर जिला योजना एवं निगरानी इकाई के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में निरीक्षण किया गया। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजकुमार द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना द्वारा आयोजित इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर में डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विस इन्सुरेंस सेक्टर में माइक्रोफाइनेंस 27-27 के 4 बैच को प्रारंभ करना है।

इन दोनों सेक्टर में प्रशिक्षित सभी अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 5 माह की अवधि तक चलेगा य प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशुक्षुओं को ड्रेस एवं ट्रेनिंग कीट निःशुल्क प्रदान की जाएगी तथा अपने ही



**प्रशिक्षुओं को शत प्रतिशत रोजगार दिलाने की योजना**

जिले में रोजगार के 100 प्रति. अवसर प्राप्त होंगे। यह दोनों प्रशिक्षण विश्वविद्यालय तथा पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन भदोही के बीच हुए समझौते के अंतर्गत संचालित होंगी य पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन के एक केंद्र के रूप में यह ट्रेनिंग संचालित रहेगी। नोडल अधिकारी द्वारा पूर्व से चल रही सिलाई मशीन ऑपरेटर की टेनिंग के बारे में संज्ञानित किया कि अभी तक विश्वविद्यालय परिसर के आसपास की 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में 30-30 के दो बैच संचालित है जिसमें 60 महिलाओं तथा बालिकाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी जा रही है।

इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत चलाई जा रही है कौशल संवर्धन तथा रोजगार की मुहिम को आगे बढ़ाना तथा विश्वविद्यालय के आसपास के ग्रामीण लोगों को उसका लाभ प्रदान करना है।

# कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का किया अधिकारी ने निरीक्षण

## प्रशिक्षुओं को शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की योजना

संवाददाता जन धमाका टाइम्स

जौनपुर। शिवम सिंह, मैनेजर, कौशल विकास मिशन जौनपुर जिला योजना एवं निगरानी इकाई के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में निरीक्षण किया गया ' कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजकुमार द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना द्वारा आयोजित इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर में डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विस इन्सुरेंस सेक्टर में माइक्रोफाइनेंस 27-27 के 4 बैच को प्रारंभ करना है ' इन दोनों सेक्टर में प्रशिक्षित



सभी अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा ' यह पाठ्यक्रम 5 माह की अवधि तक चलेगा ' प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशुक्षुओं को ड्रेस एवं ट्रेनिंग कीट निःशुल्क प्रदान की जाएगी तथा अपने ही जिले में रोजगार के 100% अवसर प्राप्त होंगे ' यह दोनों प्रशिक्षण विश्वविद्यालय तथा पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन भदोही के बीच हुए समझौते के अंतर्गत संचालित होंगी ' पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन के एक केंद्र के रूप में यह ट्रेनिंग संचालित रहेगी। नोडल अधिकारी द्वारा पूर्व से चल रही सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग के बारे मे संज्ञानित किया कि अभी तक विश्वविद्यालय परिसर के आसपास की 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है ' वर्तमान में 30-30 के दो बैच संचालित है जिसमें 60 महिलाओं तथा बालिकाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी जा रही है । इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत चलाई जा रही है कौशल संवर्धन तथा रोजगार की मुहिम को आगे बढ़ाना तथा विश्वविद्यालय के आसपास के ग्रामीण लोगों को उसका लाभ प्रदान करना है

**स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022 को आयोजित "अमृत महोत्सव" कार्यक्रम**




कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र

दिनांक 12 दिसम्बर 2022 को विश्वविद्यालय और गुरुनानक कालेज (स्वात्तशासी) चेन्नई की और से आयोजित 4 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण के



अवसर पर



मा0 केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को महिला अध्ययन केंद्र एवं कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय स्वरोजगार मेले का उद्घाटन कार्यक्रम



